# अमर उजाला

बरेली
सोमवार, 23 जून 2025


PAGE NO : 05 BOTTOM

## रिद्धिमा में सजी 'स्वर अर्पण' की शाम



बरेली। स्टेडियम रोड स्थित रिद्धिमा सभागार में रविवार शाम ''स्वर अर्पण'' का आयोजन किया गया। इसमें गायन गुरुओं और विद्यार्थियों ने अपने स्वरों से तराने छेड़े। गायन के विद्यार्थी गीतू अरोरा, सोनम गुआल, अश्वथ कपूर, अर्नब कनौजिया, अद्विका आनंद, त्रिशिका बिष्ट ने होठों से छू लो तुम... गीत से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विद्यार्थी अर्णव व स्वरित तिवारी ने भी गीत गाए। गायन गुरु स्नेह आशीष दुबे और विद्यार्थी डा. रजनी अग्रवाल ने जब मेरी हकीकत जा जा कर... गीत गाया। अतिथि कलाकार इंदू परडल ने मैंने लाखों के बोल सहे... को अपने अंदाज में गाया। गुरु शालिनी पांडेय, प्रियंका ग्वाल ने अलग-अलग राग में गीत गाए। इस मौके पर एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक व चेयरमैन देव मूर्ति, आशा मूर्ति, आदित्य मूर्ति, ऋचा मूर्ति, डॉ. एमएस बुटोला सहित अन्य गण्यमान्य लोग मौजूद रहे। संवाद